दिनांक 29.07.2021
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई
भिलाई के टीकाकरण केंद्रो में आज 4819 लोगों ने लगवाया कोविड का टीका
-वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर शुक्रवार को केवल कर्मा विद्यालय में होगा टीकाकरण

भिलाईनगर / भिलाई में गुरुवार को 30 सेंटर टीकाकरण के लिए निर्धारित किए गए थे जिसमें 4819 लोगों ने कोविड का टीका लगवाया जिसमें से 18 वर्ष से अधिक उम्र समूह के 2418 व्यक्ति तथा 45 वर्ष से अधिक उम्र समूह के 2401 व्यक्तियों ने टीका लगवाया! 30 जुलाई शुक्रवार को वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर केवल एक केंद्र कर्मा विद्यालय सुपेला में टीकाकरण होगा! कोविड का टीका लगाने के लिए लोग टीकाकरण केन्द्रों में पहुंच रहे है। अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाने पूरा निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला लगा हुआ है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है , पिछले कुछ वक्त से अभियान स्वरूप अधिक से अधिक लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के नेतृत्व में भिलाई में वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां लोग स्वफूर्त टीका लगाकर संक्रमण की रोकथाम में अपनी सहभागिता दे रहे है। निगम क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों का जोन आयुक्त निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को बनाए रखने आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। 18 से 44 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा रहा है। जितना अधिक टीकाकरण होगा उतना ही जल्दी कोरोना के संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान के तहत टीकाकरण के लिए अब तक कई सारे केन्द्र बनाए जा चुके है, जहां महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुरक्षित तरीके से टीका लगा रही है। टीकाकरण केन्द्रों में निगम क्षेत्र के पूरे वार्डों के नागरिक पहुंच रहे है और बेझिझक टीका लगवाकर अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। निगम का अमला टीकाकरण की पूरी प्रक्रिया में अपना सहयोग कर रहे है ताकि टीका लगवाने आए लोगों को बिना कोई देरी किए शीघ्रता से टीका लग जाए। सभी टीकाकरण केन्द्रों का निगम आयुक्त तथा अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करते हुए फीडबैक ले रहे है ताकि केन्द्रों में कोई परेशानी न आए और टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे। टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की सहायता के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं की भूमिका प्रारंभिक से ही बेहद महत्वपूर्ण रही है, टीकाकरण सेंटर में आने वाले हितग्राही को टीका लगवाने में इनके द्वारा भरपूर सहायता की जा रही है , जिससे टीकाकरण की प्रक्रिया आसान हो रही है!

जनसम्पर्क अधिकारी